



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 252 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 26 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया




## बाइक सवार से मिला 42 किलो छिलका, दो दिन के रिमांड पर आरोपी

**दलौदा, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** थाना पुलिस ने 42 किलो डोडाचूरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त बाइक को भी जप्त किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा हैं।


दलौदा थाना पुलिस के मुताबिक मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुए महु नीमच हाईवे रोड तहसील कार्यालय से आगे भावगढ फंटा तरफ तिरुपती बालाजी चाय की गुमटी के पास दबीश दी। आरोपी सुरेशदास पिता मनोहरदास बैरागी उम्र 42 साल निवासी रिण्डा थाना अफजलपुर जिला मंदसौर को हिरासत में लेकर उसके कब्जे वाली प्लेटीना बाइक क्रमांक एमपी 14 एमक्यु 8297 पर बंधे दो काले रंग के प्लास्टीक के कट्टे को खोला तो उसमे 42 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा मिला, जिसे जप्त कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी सुरेशदास से अवैध मादक पदार्थ लाने व ले जाने के संबंध मे पुछताछ जारी है।

## बस की टक्कर से पलटा टेम्पो, ड्राइवर की मौत, 12 घायल

**पिपलियामंडी, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** बस की टक्कर से टेम्पो पलटी खा गया। ड्राइवर की मौत हो गई, वहीं 12 लोग घायल हो गए। सभी इंदौर से सांवलियाजी दर्शन के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 4 बजे करीब मल्हारगढ में मंदसौर से नीमच की ओर जा रहे टेम्पो टाटा एस (एमपी 09 एलआर 2779) को पीछे से आ रही डबल स्टेरी बस ने टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो पलट गया। इसमें सवार ड्राइवर विशाल (28) पिता लीलाधर डाबी, विनोद पिता रामप्रसाद, रोशन पिता लालकुमार, हरीश पिता दिनेश, राज पिता रामनिवास, शुभम पिता जगदीश, यश पिता हरिओम, अजय पिता राकेश, कानू पिता उमेश, योगेश पिता राजकुमार, सचिन पिता जीवन, राज पिता महेन्द्र सोलंकी, जितेन्द्र पिता प्रकाश चोहान घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए मल्हारगढ शासकीय अस्पताल भर्ती कराया, जहां टेम्पो ड्राइवर विशाल की मौत हो चुकी थी। मल्हारगढ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया पुलिस ने बस ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मसखरों की मनोदशा और कांग्रेस की 'राहु'ल दशा

एक सोच या सबूतों से हटकर असलियत देखना और मानना। ऐसा अक्सर मानसिक बीमारी की वजह से होता है।' यह एक प्रतिष्ठित अस्पताल की भ्रम को लेकर की गई व्याख्या है। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व जिस तरह से भारतीय संविधान की प्रति हाथ में लेकर उसकी रक्षा का दंभ भर रहा है, लगता ऐसा ही है कि वो इस अस्पताल की व्याख्या को ही जी रहा है। 24 जून को 18 वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन कांग्रेसी अपने नेता राहुल गांधी के साथ संविधान की प्रति लेकर संसद में जब मौजूद थे तब उन्हें शायद याद नहीं आया कि 24 के बाद 25 जून भी आएगा।



प्रकाश भटनागर

उनपचास साल पहले की वो तारीख जब राहुल गांधी की दादी ने देश के संविधान का गला घोटने का दुस्साहस किया था। 25 जून, 1975। यह तारीख देश को हमेशा कांग्रेस की तानाशाही को याद दिलाती रहेगी। कांग्रेस की संविधान रक्षा का दंभ आज गंभीरता नहीं, एक हास्य उत्पन्न करता है। लोकसभा में कांग्रेस नेता संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ लेते समय जब 'जय हिन्द, जय संविधान' का नारा बुलंद करते हैं तो इस नौटंकी की गंभीरता पर कौन यकीन करेगा?

देवेन वर्मा अपने समय में हिंदी सिनेमा के मशहूर हास्य अभिनेता थे। यह तब की बात है, जब फिल्मों में हास्य कलाकारों का एक अलग स्थान था। फिर यह चलन कम होने लगा। अभिनय से संन्यास लेने के बाद वर्मा ने एक साक्षात्कार में इस चलन में बदलाव की वजह बताई। उन्होंने कहा कि अब हीरो ही खुद कॉमेडियन का चरित्र भी निभाने लग गए हैं। इसलिए निमार्ताओं को फिल्म में अलग से हास्य अभिनेताओं की जरूरत नहीं रह गई है।

हमारे देश में राजनीति पर असंख्य फिल्में बनी हैं और राजनीतिक जगत से जुड़े कई घटनाक्रमों पर फिल्म का असर साफ देखा जा सकता है। यह घटनाक्रम भी मिलता-जुलता ही है। कांग्रेस में शीर्ष स्तर पर दिग्गज और विद्वान श्रेणी के नेताओं की लंबी सूची है। इनमें से अधिकांश अपने काम एवं नाम के चलते सियासत सहित देश के सामजिक परिवेश पर भी सकारात्मक और विशेष असर डालने में सक्षम रहे। मामला किसी फिल्म के मुख्य नायक या नायिका जैसा ही रहा। हां, कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों में भी विदूषकों की कमी कभी भी नहीं रही। लेकिन, अब से पहले तक ऐसे किसी भी दल में इस तरह के चरित्र कभी भी मुख्य पात्र वाली जगह नहीं पा सके। अब तस्वीर अलग दिख रही है। कांग्रेस में राहुल गांधी घोषित और अघोषित रूप से पार्टी के कर्ताधर्ता के रूप में जो अनेक प्रहसन गढ़ते चले आ रहे हैं, उन्हें देखकर यही समझ आता है कि देवेन वर्मा ने फिल्मों से जुड़े बदलाव पर जो कहा था, वह व्हाया गांधी अब राजनीति पर भी लागू हो चुका है।

राहुल गांधी की सियासत का एक विशिष्टपक्ष यह है कि वह किसी एक बात का लंबे समय तक रट्टा मारने में माहिर हैं। तो राहुल की इस शैली में बीते कुछ समय से 'संविधान की रक्षा' वाला तत्व 'लेटेस्ट फैशन' की तरह हावी हो चुका है। जब राहुल संसद में संविधान की प्रति लेकर पहुंचे, तब उनके कहे और करे को समझने वालों के लिए इसमें नयापन या आश्चर्य वाली कोई बात नहीं थी। फिर भी आश्चर्य होता है। राहुल उस संविधान की दुहाई दे रहे हैं, जिसे कलंकित करने में उनकी पार्टी ने समय-समय पर कोई कसर नहीं छोड़ी। करेला और नीम चढ़ा वाला कसैला दुर्योग। 24 जून को राहुल एंड कंपनी संसद में संविधान की रक्षा की दुहाई देकर जब शपथ ले रहे थे, इसके ठीक 49 साल पहले राहुल की दादी इंदिरा गांधी ने देश को आपताकाल की बेड़ियों में जकड़ दिया था। उस दौर में इंदिरा जी और उनकी सलाहकार मंडली ने ही कौरवों की तरह देश के संविधान के चीर हरण की प्रक्रिया को पूरी निर्दयता और निर्लज्ज़ता के साथ अंजाम दिया। संविधान में संशोधन कर न्यायपालिका से आपातकाल की समीक्षा का अधिकार छीन लिया गया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द कर दिया था। इस संशोधन ने अदालत से प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त व्यक्ति के चुनाव की जांच करने का अधिकार ही छीन लिया। इस संशोधन के अनुसार प्रधानमंत्री के चुनाव की जांच सिर्फ संसद द्वारा गठित की गई समिति ही कर सकती थी। इतना ही नहीं, उस समय संविधान में संशोधन के प्रावधान के माध्यम से मौलिक अधिकारों की तुलना में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को वरीयता दी गयी। इस प्रावधान के कारण किसी भी व्यक्ति को उसके मौलिक अधिकारों तक से वंचित किया जा सकता था। इस संशोधन से न्यायपालिका को पूरी तरह से कमजोर कर विधायिका को असीमित ताकत दे दी गई थी। इससे यह हुआ कि केंद्र सरकार किसी भी राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर कभी भी सैन्य या पुलिस बल भेज सकती थी। दूसकी तरफ राज्यों के कई अधिकारों को केंद्र के अधिकार क्षेत्र में डाल दिया गया। इस संशोधन के बाद विधायिका द्वारा किए गए 'संविधान-संशोधनों' को किसी भी आधार पर अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। साथ ही सांसदों एवं विधायकों की सदस्यता को भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। जो राहुल गांधी आज संविधान को लेकर तीखे तेवर दिखा रहे हैं, उन्हें शायद यह भी पता होगा कि इंदिरा जी ने जो किया, उसके चलते आपातकाल में हुए संविधान संशोधनों के चलते इसे 'काँस्टीटूशन ऑफ इंडिया' की जगह ' 'काँस्टीटूशन ऑफ इंदिरा' कहा जाने लगा था। यह क्रम रुका नहीं। राहुल के दिवंगत पिता राजीव गांधी ने भी प्रधानमंत्री रहते हुए संविधान संशोधन के माध्यम से देश की सबसे बड़ी अदालत के अहम निर्णय को अंगूठा दिखा दिया था। शाहबानों प्रकरण को लेकर तुष्टिकरण की सियासत की, इस सियासत के चलते कांग्रेस ने देश की मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की आग में और झुलसते रहने के लिए मजबूर कर दिया था। और फिर खुद ....... शेष पेज 4 पर

## रतलाम में कार्रवाई के बाद अब उठ रहे सवाल...

# कुरकुरे:न एक्सपायर डेट और न निर्माण तिथि!

### नियमों को ताक पर रखकर बिक रहे पैक्ड फुड प्रोडक्ट

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम में खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने एक फैक्टरी पर कार्रवाई की। यहां से 01 जुलाई की मैन्युफैक्चरिंग वाले कुरकुरे के पैकेट जून में ही दुकानों पर पहुंचा दिए गए थे। बात करें मंदसौर में बिकने वाले पैक्ड फुड प्रोडक्ट की। अभी तक खाद्य एवं औषधि विभाग ने किसी फैक्टरी तो दूर की बात दुकानों पर ही झांककर नहीं देखा। दुकानों में नामी कंपनियों की बजाय नए-नए नामों के हवा से भरे बड़े बड़े पैकेट लटके हुए नजर आ रहे हैं। इसका कारण है नामी कंपनियों के नियम और उसमें कम मार्जिन। लेकिन, ज्यादा मार्जिन देने वाले पैक्ड फुड प्रोडक्ट पर खाद्य पदार्थ की मात्रा जरुर ज्यादा दे रहे है। लेकिन, इनकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इसका कारण है कि कई तरह के पैक्ड पैकेट पर एक्सपायर डेट, निर्माण तिथि, कंपनी के कांटेक्ट नंबर सहित कई आवश्यक चीजें अंकीत ही नहीं है। विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य पर इससे विपरित प्रभाव पड़ सकता है। लगभग सभी स्कूलों में तो इस तरह के ऑयटम को स्कूल में लाना ही प्रतिबंधित है।

### कार्रवाई वाला प्रोडक्ट मंदसौर में भी बिक रहा...

रतलाम जिले में भीकानजी के कुरकुरे खाने से बच्चे बीमार होने की शिकायत मिली। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि विभग की टीम फैक्टरी पहुंची। यहां दो हजार से ज्यादा पैकेट पर जुलाई 2024 की मैन्युफैक्चरिंग डेट की जांच कर जब्त किए गए। साथ ही करीब पौने दो क्विंटल पामोलीन ऑइल जब्त किया गया। अब बात करें मंदसौर की तो जिस फैक्टरी पर कार्रवाई हुई। उस फैक्टरी का प्रोडक्ट मंदसौर में भी दुकानों पर बिक रहा है। इसी से अन्य कई प्रोडक्ट की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### इसलिए दुकानदार बेच रहे माल...

उदाहरण के लिए अगर बाजार में अच्छी खासी सेल देने वाली कंपनियों की बात करें तो कंपनी के नियमानुसार केश पेमेंट दुकानदार को करना होता है। यहां उधारी का काम नहीं होता। इसके अलावा कंपनी सिर्फ ज्यादा पसंद किए जाने वाला माल ही नहीं, बल्कि अन्य प्रोडक्ट भी दुकानों पर रखने के लिए दबाव डालती है। वहीं मार्जिन भी इसमें कम होता है। ऐसे में हर किसी तरह के प्रोडक्ट को दुकानदार बेच रहे हैं।

### हो सकती है सजा और जुर्माना...

यदि किसी खाद्य सामग्री के पैकेट पर एक्सपायरी डेट नहीं है। इसके अलावा पैकिंग का तरीका असुरक्षित है तथा बैज नंबर व पता भी उल्लेखित नहीं है तो इसे न केवल घोर लापरवाही माना जाएगा, बल्कि नियमों का पालन नहीं करने वाले दुकानदार व कंपनी के खिलाफ 3 से 5 लाख रुपए तक जुर्माना करने का प्रावधान है।



### ✻✻✻ यह है कुछ नियम ✻✻✻
### एक्ट के तहत लाइसेंस लेना आवश्यक

✻ 12 लाख से ज्यादा के आय-व्यय वाले दुकानदारों को फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत लाइसेंस लेना आवश्यक। ✻ 12 लाख से कम आय वाले दुकानदारों को खाद्य औषधि प्रशासन विभाग में पंजीयन करना होगा। ✻ खाद्य सामग्री के पैकेट पर निर्माता कंपनी का नाम और पते का स्पष्ट उल्लेख हो। ✻ यदि उत्पादक ने किसी खाद्य सामग्री में रंग मिलाया है, तो उसकी क्वालिटी का स्पष्टउल्लेख हो। ✻ खाद्य सामग्री के पैकेट पर न्यूट्रीशियन वैल्यू, बैज नंबर, निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट का अंकित होना आवश्यक है।

## स्थाई वारण्टी को दबोचा, जैल भेजा

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** फरार चल रहे स्थाई वारंटी को दबोचने में यशोधर्मन नगर पुलिस को सफलता मिली है। वायडी नगर थाना टीआई संदीप सिंह मंगोलिया ने बताया की आरोपी जुल्लु उर्फ जुल्फीकार पिता इकबाल सुन्नी उम्र 34 वर्ष निवासी मुल्तानपुरा थाना वायडी नगर वर्तमान मे कुछ समय से जहरीली शराब प्रकरण मे फरार चल रहा था। उसके कभी – कभी ग्राम मुल्तानपुरा मे आने की खबर मिल रही थी। विश्वसनीय मुखबीर ने बताया की फरार वारण्टी जुल्लु उर्फ जुल्फीकार यात्री प्रतिक्षालय के पास मुल्तानपुरा पर बैठा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने आरोपी को यात्री प्रतिक्षालय मुल्तानपुरा पर गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया। जहां से उसे जैल भेज दिया गया।

## ट्रक ने मारी कार को टक्कर, 8 घायल

**पिपलियामंडी, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** ट्रक की टक्कर से कार में सवार 8 घायल हो गए। जानकारी के अनुसार महू-नीमच मार्ग पिपलिया पुलिस थाने से आगे यह हादसा हुआ। खण्डवा निवासी श्याम तेजी ने पुलिस थाने पर शिकायत में बताया कि पिपलियामंडी रिश्तेदार से मिलने के बाद वापस जाते समय दोपहर में मेरी कार (एमपी 12 जेडई 1823) को पीछे से आ रही ट्रक (आरजे 01 जीडी 5385) ने टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार मेरी पत्नी सलोनी, बेटे सारांश, दीदी नीतू परमार, साले दक्ष भाटी, भानेज मंथन, रिशिका, पलक को भी चोंटे आई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

# तेरह साल बाद शुरु होगी पानी की सप्लाय

### पेयजल टंकी से नल कनेक्शन जोड़ने का काम शुरु

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** चंदरपुरा में तेरह साल पहले पेयजल टंकी का निर्माण तो हो गया। लेकिन, लाखों रुपया खर्च करने के बाद भी क्षेत्र के लोगो को लाभ नहीं मिला। वर्ष 2020 में नवीन पेयजल वितरण लाइन के लिए 17 करोड़ का टेंडर हुआ। इसमें सभी नई टंकियों को वितरण लाइन से जोड़ा जाना था। लेकिन, सिर्फ चंदरपुरा में बनी टंकी में आठ सौ फीट पेयजल लाइन जोडने में चार साल निकाल दिए। इस मामले को 'दैनिक गुरु एक्सप्रेस' ने 18 जून के अंक में '10 साल में पानी के नाम पर एक अरब खर्च' शीर्षक से प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद अब पेयजल टंकी से नल कनेक्शन जोड़ने का काम शुरु हो गया है।

करीब 13 साल पूर्व नगर के वार्ड नं. 26 के चन्द्रपुरा में पानी की टंकी का निर्माण हुआ था। लेकिन, नगरपालिका परिषद की लापरवाही एवं अनदेखी के चलते 13 वर्ष से इस टंकी से क्षेत्रवासियों के नल कनेक्शन नहीं जोड़े गये। क्षेत्रीय पार्षद संगीता गोस्वामी एवं पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र गिरी गोस्वामी ने इस बाबत् कई बार नगर पालिका में आवेदन दिए। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। हालांकि अब टंकी से नल कनेक्शन जोड़ने के मामले को लेकर नपा के जनप्रतिनिधयों ने गंभीरता से लिया। नगरपालिका अधिकारियों को नल कनेक्शन टंकी से जोडने के निर्देश दिये। जिस पर 25 जून को नपा के जलकर विभाग के कर्मचारी चंदरपुर पहुंचे तथा वहां स्थित पानी की टंकी से क्षेत्रीय नागरिकों के नल कनेक्शन को जोड़ने का कार्य शुरू किया।




### भाजपा नेता निगम ने दी नगर पालिका सीएमओ को चेतावनी...

## मेरा भुगतान करो अन्यथा करना पड़ेगी आत्महत्या..!

**जगह-जगह टेन्ट सहित अन्य कार्य करा लिए, पर पेमेंट नहीं कर रही नगर पालिका**

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका मंदसौर इस समय ठेकेदारो का भुगतान नहीं कर पा रही है। बीच में कुछ समय तो ऐसी स्थिति भी बनी थी कि कर्मचारियो को वेतन देने के लाले पड़ गए थे। पहले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद मामला पटरी पर आता दिख रहा है। इसी बीच भाजपा नेता और टेन्ट व्यवसाई चंद्रशेखर निगम ने नगर पालिका सीएमओ को आवेदन देकर उनके कार्यो का भुगतान कराने का आग्रह किया है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो मुझे आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका होगी।

बीती 20 जून को आवेदन दिया गया था। लेकिन, 25 जून तक भी भाजपा नेता की नगर पालिका में सुनवाई नहीं हो रही है। अपने आवेदन में चंद्रशेखर निगम ने स्पष्ट लिखा है कि मैं निगम टेन्ट एवं निगम डेकोरेशन लाईट, टेन्ट, माईक के कार्य के लिए नगर पालिका मंदसौर से स्वीकृत ठेकेदार हूं। मेरे द्वारा नगर पालिका में अनेक कार्य किए गए है और आज भी कर रहा हूं। लेकिन, विकास यात्रा 2023, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए वार्डो में टेन्ट, कुर्सी, टेबल इत्यादी की व्यवस्था, वार्डो में भूमिपूजन आदि कार्य, विधानसभा निर्वाचन कार्य, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव, मध्यप्रदेश स्थापना दिवस, 26 जनवरी एवं लोकसभा निर्वाचन एवं आज तक किए गए कार्यो का नगर पालिका द्वारा भुगतान नहीं किया गया है।

आवेदन में लिखा है कि मेरी बेटी का विवाह मार्च 2024 में होना था। जिसके लिए मेरे द्वारा कई बार निवेदन किया गया। तब संबंधित अधिकारी एवं बाबु द्वारा कहा गया कि शादी के पूर्व आपका भुगतान हो जाएगा। लेकिन, जून माह भी बीतने वाला है, पर मेरा भुगतान नहीं हुआ है। जिसके कारण में आर्थिक रूप से बहुत परेशान होकर आत्महत्या करने पर मजबूर हूं। यदि आपके द्वारा मेरे कार्यो का भुगतान नहीं किया जाता है तो मेरे परिवार में कोई भी अनहोनि होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी नगर पालिका मंदसौर की होगी। पत्र की प्रतिलिपि अध्यक्ष नगर पालिका मंदसौर, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं कलेक्टर मंदसौर को भी दी गई है।


दिनांक- 24/06/2024

### ✻✻✻ जाहिर-सूचना ✻✻✻

मैं मुमताज बी पत्नि स्व. श्री अब्दुल अजीज घोचा निवासी मुल्तानपुरा व किटीयानी मंदसौर तहसील व जिला मंदसौर म.प्र. के द्वारा उक्त जाहिर सूचना प्रकाशित करती हूँ कि :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुमताज बी पत्नि स्व श्री अब्दुल अजीज घोचा निवासी मुल्तानपुरा व किटीयानी मंदसौर तहसील व जिला मंदसौर म.प्र. की निवासी होकर मेरे स्वर्गीय पति अब्दुल अजीज घोचा निवासी मुल्तानपुरा तहसील व जिला मंदसौर म.प्र. के नाम से गोल चौराहा मंदसौर म.प्र. स्थित हाजी कॉम्लेक्स नाम से एक बिल्डिंग स्थित हैं। जिसमें शराफत हुसैन दिपलिया पिता हाजी हुसैन जाति नियारगर जीम वाला निवासी बाबु पट्टी वाले के पास नूर कालोनी बिलाल मस्जिद के पास नूर कालोनी मंदसौर म.प्र. को उक्त कॉम्पलेक्स में एक हाल जीम चलाने को किराये से दिया है। जिसकी किरायेदारी 11 माह की थी जो भी समाप्त हो चुकी हैं तथा उक्त हाल को खाली करके कब्जा देना था।

उक्त शराफत हुसैन दिपलिया मुझ विधवा महिला से अभद्र व्यवहार करता है तथा गाली गलोच करता हैं व अवैध रूप किराये के हाल पर कब्जा करके बैठा हैं उक्त हाल में लगी टाईल्स को भी तोड फोड़ कर दी है व चेनल गेट के बार-बार ताले तोड़कर दादागिरी करता हैं तथा रिपोर्ट करने पर पुलिस भी कोई कार्यवाही नहीं करती हैं व उक्त शराफत हुसैन दिपलिया खुले आम दादागिरी करता है व उक्त हाल को खाली करने के लिये पिछले 3 वर्षो से बार-बार समय मांगता है व खाली नहीं कर रहा है व विद्युत बिल भी जमा नहीं कर रहा हैं एवं उक्त शराफत हुसैन दिपलिया की ओर उक्त किराया वाले हाल का किराया रू. 2,10,000/- दो लाख दस हजार रू. बकाया होने के बाद भी भुगतान नहीं कर रहा हैं। पुलिस के माध्यम से भी राजीनामा हुआ किन्तु फिर भी हाल को खाली नहीं कर रहा हैं। मुझ विधवा के छोटे-छोटे बच्चे हैं इस कारण मेरा प्रशासन से निवेदन हैं कि मुझ विधवा महिला को हाल को खाली करवाकर कब्जा दिलवाया जावे। उक्त शराफत हुसैन दिपलिया का आपराधिक होकर वाई.डी. नगर थाने मंदसौर में उसके खिलाफ कई शिकायते भी हो चुकी है।

अत: उपरोक्त जाहिर सूचना के द्वारा पुलिस प्रशासन एवं कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि मुझे उक्त हाल का कब्जा दिलवाया जावें।

दिनांक- 24/06/2024, मंदसौर

हस्ताक्षर
मुमताज बी पत्नि स्व. श्री अब्दुल अजीज घोचा
निवासी मुल्तानपुरा व किटीयानी मंदसौर म.प्र.


# नर्सिंग कॉलेजों के लिए नियामक आयोग का गठन होगा

### कैबिनेट की हरी झंडी के साथ बन जाएगा नियम

**भोपाल, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** नर्सिंग कॉलेजों में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद सरकार अब नियामक आयोग बनाने जा रही है। पिछले दिनों एक समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसकी घोषणा की थी। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।

सामान्य प्रशासन विभाग और विधि विभाग ड्राफ्ट का परीक्षण कर अपनी राय देंगे। इसके बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। एक जुलाई से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र के दौरान ही इसे कैबिनेट में प्रस्तुत करने की तैयारी है। कैबिनेट से स्वीकृति के बाद केंद्र के इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) एक्ट के अनुरुप राज्य सरकार अपने नियम बनाएगी।

इन्हीं नियमों के अनुरूप नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता जारी की जाएगी। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आईएनसी ने एक्ट तैयार कर लिया है। इसके अनुरूप ही प्रदेश में नियामक आयोग का गठन किया जाएगा। आयोग का काम मुख्य रूप से निगरानी का रहेगा।

### नर्सिंग काउंसिल कराएगा परीक्षा...

कॉलेजों की मान्यता के पहले उनकी जांच करने वाले दलों का गठन कैसे हो, निरीक्षण किस अवधि में किया जाए। कॉलेज गड़बड़ी करते हैं तो उनके विरुद्ध क्या और किसे कार्रवाई का अधिकार होगा। इन सभी विषयों पर काम करेगा। परीक्षा कराने का काम नर्सिंग काउंसिल का रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि जब तक नए नियम नहीं बनते तो 2024-25 के सत्र में कॉलेजों को मान्यता आईएनसी द्वारा तैयार किए जा रहे नियम और मापदंडों के अनुसार ही दी जाएगी। 2023-24 में प्रदेश में किसी नए नर्सिंग कालेज को मान्यता नहीं दी गई थी।

### अपने नियम बनाने के बाद शुरू हुआ फर्जीवाड़ा...

इस सत्र से मान्यता देने की तैयारी है। बता दें कि 2018 के पहले तक आईएनसी के नियम ही चल रहे थे, पर इसके बाद राज्य सरकार ने मान्यता को लेकर अपने नियम बना लिए थे। इसके बाद से नर्सिंग संस्थाओं में फर्जीवाड़ा शुरु हुआ।

### इनका कहना...

नियामक आयोग बनाने के संबंध में ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। अब सामान्य प्रशासन विभाग और विधि विभाग में इसका परीक्षण किया जा रहा है। उनकी राय आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**तरुण पिथौड़े, आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मप्र**

# अब बच्चों का होगा मासिक मूल्यांकन, दस अंक के होंगे प्रश्न पत्र



**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवी तक पढने वाले बच्चो का अब सतत मूल्यांकन होगा। इसके तहत अब मासिक मूल्यांकन भी किया जाएगा। इसके आधार पर विद्यार्थियों का हर माह सीखने की क्षमता का आकलन होगा। इसके आधार पर कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष फोकस किया जाएगा। इसमें पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों का मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक (एफएलएन) आधारित साप्ताहिक आकलन विषयवार किया जाएगा। इसमें बच्चों को अभ्यास पुस्तिका दी जाएगी। इसमें किए गए कार्यों से ही आकलन होगा। वहीं तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का मासिक मूल्यांकन होगा। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने पहली से आठवीं कक्षा के लिए सतत व्यापक मूल्यांकन के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। इसमें प्रत्येक विषय के लिए 10-10 अंकों के लर्निंग आउटकम्स आधारित गुणवत्ता युक्त प्रश्नपत्र दिया जाएगा। मूल्यांकन के लिए मौखिक प्रश्नों को शामिल किया जाएगा।

मासिक मूल्यांकन अगस्त, सितंबर, दिसंबर व जनवरी में होगा। इसमें विद्यार्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर ग्रेड दिया जाएगा। इसमें मासिक मूल्यांकन की उत्तरपुस्तिकाओं का प्रश्नवार एवं छात्रवार विश्लेषण कर लर्निंग गैप्स की पहचान की जाएगी एवं स्कूलों में विशेष कक्षाएं लगाकर कमियों को पूरा कराया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के शैक्षिक के साथ-साथ व्यक्तिगत एवं सामाजिक गुणों का मूल्यांकन भी होगा। इसमें अनुशासन, साफ-सफाई, कक्षा में शिक्षकों व दोस्तों से व्यवहार सहित अन्य गतिविधियों का भी आकलन किया जाएगा। इसका उल्लेख बच्चों के समग्र प्रगति पत्रक पर किया जाएगा, जिसमें मासिक मूल्यांकन के ग्रेड को भी लिखा जाएगा।

### इस तरह तैयार होगा परीक्षा परिणाम...

तीसरी व चौथी और छठवीं व सातवीं का रिजल्ट विषयवार मासिक टेस्ट में (अधिकतम अंक 40) का अधिभार 10 अंक, छमाही परीक्षा (अधिकतम अंक 60) अधिभार 20 अंक और वार्षिक लिखित परीक्षा (अधिकतम अंक 60) के प्राप्तांक और प्रोजेक्ट कार्य (अधिकतम अंक 40) का अधिभार 10 अंक को जोडक़र तैयार किया जाएगा।

### 5वीं व 8वीं का ऐसे तैयार होगा रिजल्ट

- छमाही परीक्षा (लिखित)-अधिभार 20 अंक
- वार्षिक परीक्षा (लिखित)-पूर्णांक 60 में से प्राप्तांक
- वार्षिक परीक्षा (प्रोजेक्ट कार्य)-अधिभार 20 अंक

### छह माही परीक्षा भी होगी...

पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों का छमाही परीक्षा नहीं ली जाएगी। तीसरी से आठवीं तक के बच्चों की छमाही परीक्षा नवंबर के अंत में ली जाएगी। इसमें प्रत्येक विषय में लिखित पेपर 60 अंक का होगा और 40 अंक प्रोजेक्ट वर्क का होगा। इसके प्रश्नपत्र राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा तैयार किए जाएंगे। इसके बाद पहली से चौथी और छठवीं व सातवीं कक्षा का वार्षिक मूल्यांकन भी होगा। इसमें 33 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा।

### इनका कहना...

आठवीं तक के बच्चों का मासिक मूल्यांकन किया जाएगा। समग्र प्रगति पत्रक में बच्चों के मासिक मूल्यांकन और छमाही व वार्षिक परीक्षा का उल्लेख किया जाएगा।

**धनराजू एस, संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल**

# हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा



**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** हत्या के तीन आरोपियो को न्यायालय ने आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार मामला इस प्रकार हैं कि सद्दाम पिता याकूब 12 सितंबर 2022 की रात 8 बजे संजय हिल्स कॉलोनी में गोपाल की दुकान सांवरिया किराना पर बैठा था। उसके साथ उसके मामा का लडका शाहरूख भी था। इतने में लड्डू पिता अनवर खान जो उसके घर के पीछे रहता हैं, दौडकर आया और बताया कि उसका भाई अजहर उर्फ नंदू, अनुसिंह पारदी के घर के बाहर पारदी डेरा में घायल पड़ा हुआ हैं, तो वह और शाहरूख तुरंत अनुसिंह के घर के बाहर पहुंचा तो देखा कि उसका भाई अजहर उर्फ नंदू सर के बल जमीन में चितावस्था में पडा था तथा उसके नाक, मुंह और चेहरे से धारदार हथियार के घाव दिख रहे थे और खून निकल रहा था, मौके पर अनवर पिता चांद खां मौजूद था। उसने और शाहरूख व अनवर ने अजहर को संभाला तो अजहर ने बताया कि उसके साथ विशाल पिता बापूलाल पारदी, अनुसिंह पिता जसवंत सिंह पारदी, काली उर्फ राधे पिता कुलेश पारदी निवासी पारदी डेरा संजय हिल्स मंदसौर ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार एवं लात घूसो से मारपीट की थी।

उपचार के दौरान अजहर की मृत्यु हो गई। इस सूचना पर पुलिस थाना वायडी नगर मंदसौर में धारा 302, 34 भादंसं के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई तथा तत्कालीन थाना प्रभारी जितेन्द्र पाठक द्वारा प्रकरण में अनुसंधान किया गया। अभियोजन ने मामले में न्यायालय के समक्ष संपूर्ण तथ्यों को रखते हुए 22 साक्षियों के कथन करवायें। अभियोजन पक्ष ने संपूर्ण मामले को न्यायालय के समक्ष प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया और सफलता प्राप्त की। उक्त मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी जितेन्द्र पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।

न्यायालय द्वारा सम्पूर्ण प्रकरण का सूक्ष्मता से विश्लेषण करने के बाद न्यायालय षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश श्री सुरेश सिंह जमरा द्वारा अभियोजन पक्ष पर विश्वास करते हुए तथा मामले को प्रमाणित मानते हुए अभियुक्त विशाल पिता बापूलाल पारदी, अनुसिंह पिता जसवंत सिंह पारदी, काली उर्फ राधे पिता कुलेश पारदी को सश्रम आजीवन कारावास और प्रत्येक को 2-2 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एडवोकेट श्री तेजपालसिंह शक्तावत, एडवोकेट श्री भगवतीलाल शर्मा एवं एडवोकेट श्री भगवान सिंह चौहान द्वारा पैरवी की गई।

## जिले में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**नीमच, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय नीमच तथा तहसील मुख्यालय मनासा, जावद एवं रामपुरा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर, 2024 शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में नीमच, मनासा, जावद एवं रामपुरा के न्यायालयों में विचाराधीन समझौता योग्य समस्त दाण्डिक, सिविल, विविध, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत अधिनियम, नगर पालिका, नगर पंचायतों, श्रम, बैंक के प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते द्वारा किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, जिला न्या याधीश सुश्री नजमा बेगम ने पक्षकारों से आग्रह किया है, कि उपरोक्त श्रेणी के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने हेतु अपने अभिभाषकों से सम्पर्क करें व सम्बन्धित कार्यालयों में सहमति प्रस्तुत करें।

## दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस चौहान द्वारा बताया गया कि बाल एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये दस्तक अभियान का शुभारंभ किया है। दस्तक अभियान जिले में 27 जून तक आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियां जैसे कुपोषण, एनिमियाँ, डायरिया, निमोनिया एवं जन्मजात विकृति बच्चों की स्कैनिंग की जावेगी। इस दौरान जो बच्चे गंभीर पाये जाने पर उन्हें जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफर किया जावेगा। 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 1 लाख 20 हजार 110 बच्चों की 27 जून तक घर-घर जाकर स्कैनिंग की जाएगी। विकासखण्ड धुधंडका में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंतशर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरसिंहपुरा मंदसौर में पार्षद एवं शहरी नोडल अधिकारी डॉ सतीशचंद्र गोड ने अभियान का शुभारंभ किया।

# भाजपा जिला कार्यालय मंदसौर सहित जिले में आपातकाल की 50वीं बरसी पर मीसा बंदियों का किया सम्मान





**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंदसौर में आपातकाल की 50 वीं बरसी पर मीसाबंदियों को मुख्य वक्ता सोनू गेहलोत, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सुराना, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, कार्यक्रम जिला प्रभारी पारस मावर, नपाध्यक्ष रमा देवी गुर्जर, लोकतंत्र प्रहरी संघ के जिलाध्यक्ष हंसराज कबाडी द्वारा लोकतंत्र प्रहरी यों का सम्मान कर उनके संस्मरण सुने गये। कार्यक्रम का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एंव डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात लोकतंत्र प्रहरी संघ के सम्मानित सदस्यों का शॉल, माला और श्रीफल भेंट कर मंचस्थ अतिथि गणों द्वारा सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोनू गेहलोत ने संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता कल संसद में संविधान की प्रति हाथ में लेकर पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और लोकतंत्र को बचाने का कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने झूठा प्रचार-प्रसार किया। हकीकत में कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन किया गया। जब 1975 में आज के दिन रात को 2 बजे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी उस समय सोनिया गांधी बहू के नाते वहां पर मौजूद थी। तब सोनिया गांधी ने संविधान बचाने की बात नहीं की, लेकिन कल जब संसद भवन पहुंचीं तो उनके हाथ में संविधान की प्रति थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने बताया की आपातकाल के समय जिन लोगों ने भारत की स्वतंत्रता को निगल लिया था। आज वही लोग देश में संविधान की दुहाई दे रहे है और देश की नई पीढ़ी को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है। हमें आज इस कार्यक्रम के माध्यम से यहाँ उपस्थित लोकतंत्र सेनानियों से आपातकाल के समय मिली यातनाओं की जानकारी लेकर कांग्रेस के दुष्प्रचार को समाप्त करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा की आपातकाल के समय हमारे लाखो कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमे में उलझा कर जेल में डाल दिया गया था। कई लोगों ने छ: माह, एक साल, ढेड साल और अधिकतम दो वर्ष तक जेलों में रहकर तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इशारों पर यातनाएं झेली है। आज की नई पीढ़ी को इस कठिन समय की जानकारी होना अत्यन्त आवश्यक है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा की राहुल गांधी झूठ की मशीन है। संकट संविधान और लोकतंत्र पर नहीं है, बल्कि राहुल और गांधी परिवार के साथ-साथ अपने परिवार को स्थापित करने वाले इंडी गठबंधन पर है। लोकतंत्र एंव संविधान की दुहाई दे रही कांग्रेस ने अपने शासन काल में 100 से अधिक गैरवाजिब संशोधन संविधान में कर देश को नुकसान पंहुचाया है। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र मरच्या ने किया एंव आभार पुलकित पटवा ने माना। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी हंसराज कबाडी, गोपाल पटवा, मनोहर लाल जैन, सुरेंद्र सिंह खेडा, ओमप्रकाश बिलोरिया, अम्बालाल गहलोत, नारायण सिंह चौहान, श्रीमती तुलसी मामा, श्रीमती पार्वती राधेश्याम काला, श्री बलवंत फांफरिया, सुरेश अरवेंदकर, नरेश चंदवानी, देवेन्द्र मरच्या सहित अनेक मिसाबधियों तथा उनके परिवारजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष गण, मंडल पदाधिकारीगण, मोर्चा जिलाध्यक्ष महामंत्री गण, नपा. पार्षदगण सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

**भाजपा कार्यालय मंदसौर पर हुआ लोकतंत्र सेनानी परिवार के बलवंत फांफरिया का सम्मान–** भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा आपातकाल स्मृति दिवस (26 जून) के अवसर पर 25 जून मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) एवं लोकतंत्र प्रहरी परिवारों का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। जिसके अंतर्गत मंदसौर के फांफरिया परिवार के सदस्य स्व मिश्रीलाल जी फांफरिया और स्व शांतिलाल जी फांफरिया भी मीसाबंदी रहे थे और आपाताकाल के समय भीषण यातानाएं झेली थी। उसी के तहत भाजपा ने उनके परिवार के वरिष्ठ पत्रकार बलवंत फांफरिया का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मीसाबंदी परिवार के बलवंत फांफरिया ने बताया कि मेरी 15 वर्ष की आयु थी और 21 जून की रात्रि को आठ से दस पुलिसकर्मियों ने पिताश्री स्व शांतिलाल जी फांफरिया को निवास स्थान से गिरफतार कर ले गये। उस समय स्थिति भयावह थी जैसे तैसे दिन कांटे थे।

**मंदसौर से शामिल होगा फांफरिया परिवार –** मीसा कानून के अंतर्गत लाखों सामाजिक / राजनैतिक नेताओं व कार्यकताओं को अनिश्चितकाल के लिये जेलों में बंद कर दिया गया था। उस समय मंदसौर फांफरिया परिवार के दो दिवंगत स्व मिश्रीलाल जी फांफरिया और स्व श्री शांतिलाल जी फांफरिया भी मीसा में जेल में बंद रहे थे। उस समय इन दोनों ने और इनके परिवारजनों ने बहुत यातानाऐं झेली थी। ऐसे योद्धाओं ओर परिवारजनों का सम्मान आज मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 26 जून को भोपाल में श्यामला हिल्स स्थित आवास पर ससम्मान आमंत्रित किया है। इस कार्यक्रम हेतु मंदसौर के स्व मिश्रीलाल जी फांफरिया और स्व शांतिलाल जी फांफरिया परिवार को भी ससम्मान आमंत्रित किया गया है जिसमें मंदसौर से वरिष्ठ पत्रकार बलवंत फांफरिया, रिषभ फांफरिया और विजयेन्द्र फांफरिया सम्मिलित होगे। इनके अलावा मंदसौर से अन्य मीसाबंदी रहे योद्धा एवं उनके परिवारजन भी सम्मिलित होगे।



# कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान 59 ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 59 आवेदकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/ शिकायत/ मांग/ आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ॠण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## मां बेटे को पीटा, तीन पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद में मां-बेटे को पीटा, पुलिस ने महिला के जेठ व भतीजों पर केस दर्ज किया। कचनारा निवासी भंवरीबाई डांगी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि जमीन विवाद के चलते मेरे जेठ भेरुलाल व उसके लडके जीवन व रायसिंह ने गाली-गलौज की व लट्ठ से मारा, जिससे चोंटे आई। बीच-बचाव करने आए मेरे बेटे राकेश को भी लात-घुसों से पीटा। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार बैंककर्मी घायल हो गया। जग्गाखेड़ी निवासी हरिओम चोहान ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई की नीमच आईडीएफसी फस्ट बैंक में कार्य के बाद बाइक (एमपी 14 एएफ 4663) से वापस घर जा रहा था, थड़ोद फन्टे के यहां पीछे से आ रही पिकअप (एमपी 14 जीसी 2712) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

# महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर व पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/जिला न्यायाधीश सिद्धार्थ तिवारी द्वारा बालक छात्रावास परिसर, शासकीय राजीव गांधी स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में वृहद वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए सचिव/जिला न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा बताया गया कि वृक्षों का होना हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध होकर हमें स्वस्थ हवा पानी आदि सुविधाएं प्राप्त होंगी जहां पौधों का लगाना आवश्यक हो रहा है, वहीं इनकी देख रेख तथा पौधों का न काटा जाना आवश्यक हो गया है। साथ ही यह भी बताया कि कि पौधों का लगाया जाना अति महत्वपूर्ण है, उन्होनें यह भी कहा कि पौधे प्रत्येक व्यक्ति को लगाना चाहिये पौधे लगाने के साथ-साथ इनका संरक्षण होना भी आवश्यक है। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला न्यायाधीश डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, महाविद्यालय प्रचार्य डॉ. एल.एन.शर्मा, छात्रगण, पैरालीगल वालेंटियर श्री संजय नीमा एवं श्रीमती सीमा नागर उपस्थित थे।

## मसखरों की मनोदशा और कांग्रेस...

पेज 1 से जारी

राहुल कहां पीछे रहे? हरेक संस्था में घोषित या अघोषित रूप से एक आतंरिक संविधान की अवधारणा स्थापित की जाती है। कांग्रेस भी इसका अपवाद नहीं है लेकिन राहुल तथा उनकी माताजी सोनिया गांधी ने अपनी इस पार्टी में ऐसी किसी भी व्यवस्था का गला घोटने में कभी कोई कसर नहीं उठा रखी। सीताराम केसरी को पार्टी अध्यक्ष पद से जिस तरह जलील कर हटाया गया, उसने कांग्रेस में न सिर्फ वंशवाद की विष-बेल को रसद-खाद प्रदान की, बल्कि इससे यह भी हुआ कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र को किसी शोकतंत्र में बदल दिया गया। आज राहुल की कांग्रेस में रायशुमारी नहीं, केवल चाटुकारी के लिए निरापद वातावरण बचा है। असहमति के स्वरों के लिए तो खैर कोई गुंजाइश ही नहीं छोड़ी गई है। आपातकाल के समय कांग्रेस की चाटूकार टोली ने नारा दिया था, ' इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा।' राहुल वाली कांग्रेस में आज चमचत्व की विशुध्द प्रतियोगिता का नारा भी यही है कि 'गांधी-नेहरू इज कांग्रेस, एंड कांग्रेस इज गांधी-नेहरू।'

संविधान के विधि-विधान के विपरीत कांग्रेस के कारनामों का लंबा इतिहास है। राहुल की सोचने-समझने की वास्तविक क्षमता को देखते हुए कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि उन्हें इस बारे में लगभग कोई भी जानकारी न हो। यदि वे इस सबसे परिचित हैं, तब भी यह बेशक कहा जा सकता है कि वे अपने परिवार के प्रिय पात्र सैम पित्रोदा की तरह ही ' जो हुआ, सो हुआ' वाली थ्योरी में ही यकीन कर रहे हों। आखिर वह पार्टी के मुख्य नायक जो ठहरे। अब नायक ही कॉमेडियन का काम भी करने लगे, तो कोई क्या कर सकता है? अफसोस तो कांग्रेस के उन अंतिम पंक्ति वाले मसखरों पर हो रहा है, जो राहुल की इस अदा और अदाकारी के चलते 'बेरोजगार' हो गए हैं। यह तबका निश्चित ही मन मसोस कर यह देख रहा होगा कि जिस मनोदशा ने उन्हें कभी भी पार्टी की अग्रिम पंक्ति में आने नहीं दिया, उसी दशा के साथ राहुल ने पार्टी के शीर्ष पर बने रहने की दिशा में अपने लिए पुख्ता बंदोबस्त कर लिया है। भले ही इस सबके चलते कांग्रेस पार्टी 'राहु की महादशा' झेलने के लिए अभिशप्त क्यों न कर दी गई हो।

# सीए ब्रांच ने की पौधरोपण से सीए सप्ताह की शुरुआत

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रकृति के साथ खिलवाड का परिणाम इस वर्ष भयंकर गर्मी के रूप में हम सब भुगत चुके हैं। अब समय है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिये स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण करें और इसके लिये हमें वृहद स्तर पर पौधारोपण कर उनकी देखभाल कर उन्हें विशाल वृक्ष के रूप में विकसित करना होगा। हमने प्रगति की दौड में प्रकृति को बहुत नुकसान पहुँचाया है और इसीलिये इस वर्ष नगरपालिका ने पर्यावरण की दिशा में कार्य करने का बीड़ा उठाया है। हमारा प्रयास रहेगा कि शहर की विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर मन्दसौर को सुन्दर व प्राकृतिक छटा से युक्त शहर बनाने की दिशा में कार्य करें। मन्दसौर सीए ब्रांच के सदस्य धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने इस प्रकल्प में सबसे पहले नगरपालिका के साथ मिलकर अपने सीए सप्ताह की शुरूआत पौधारोपण के साथ प्रारंभ की है।

उक्त विचार नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा नगरपालिका ट्रेंचिंग ग्राउंड पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता श्री राजेश गुर्जर ने कहा कि हम सभी को साथ में मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना होगा। यदि अभी भी हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी कभी भी हमें माफ नहीं करेगी। मन्दसौर ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने सीए सप्ताह में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए सभी से आग्रह किया कि सीए इंस्टीट्यूट के अमृत वर्ष में आयोजित होने वाले पूरे सप्ताह की गतिविधियों में तन, मन, धन से अपना योगदान प्रदान करें। कार्यक्रम का संचालन सीए अर्पित नागर ने किया। आभार प्रदर्शन मन्दसौर ब्रांच के सचिव सीए विकास भंडारी ने किया। कार्यक्रम में सीए विरेन्द्र जैन, सीए विनय अग्रवाल, सीए रितेश पारिख, सीए रचित जैन, सीए अंकुश जैन, सीए अंकित नागर, सीए राजेश जैन, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, सीए नयन जैन, सीए आशीष जैन, सीए अंकित श्रीमाल, सीए अर्पित नागदा, सीए सुबोध सिंहल, सीए रोहन सोमानी, सीए नीतेश भदादा, सीए राहुल सोमानी, सीए गौरव गुप्ता, सीए सिद्धार्थ विजयवर्गीय, रुद्राक्ष मंडवारिया, हिमांशु भिमानी, दुर्गेश तिवारी, रोशन माखिजा, रिया जैन, महिमा मोटवानी, प्रेक्षा बाफना, स्वाति शर्मा, खुशी तोमर, प्रियल जैन, साक्षी कुमावत, तनिषा शर्मा, प्रियल कनेसरिया आदि उपस्थित रहे।

* पूजारी चाहिए *
श्री हरिहर धाम
वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर
मंदिर में पूजा अर्चना के लिए फूल टाइम पूजारी की आवश्यकता है।
** इच्छुक संपर्क करें **
सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक
मो. 9424033322, 9425105927



# जिपं की साधारण सभा की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 25 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सभी विभाग पालन प्रतिवेदन साथ लेकर आवे। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनु प्रिया यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, सभी सदस्य एवं जिलाधिकारी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई भी राशि आहरित की जाती है तो उसकी जानकारी सभी सदस्य के संज्ञान में जानकारी हो। जिला अस्पताल में कितने पद रहते हैं उनकी जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड की केवाईसी कार्य पूर्ण करें। प्राइवेट हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने वाले व्यक्तियों की जानकारी दे। जल जीवन मिशन द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह अच्छे से करें। अगर कहीं पाइपलाइन टूटी हुई है तो उनको ठीक करें। ग्रामीण जनों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं ना हो इसका ध्यान रखें। शिक्षा विभाग के कितने कर्मचारी दूसरों विभाग में अटेच है उनकी जानकारी देवे। स्कूल की भूमि से अतिक्रमण हटाए। जिले में कितने अमृतसर सरोवर तालाब बनाए गए इनके जानकारी ली। जिले में वृक्षारोपण कार्य को युद्ध स्तर पर करें। मनरेगा के कार्यों पर भी चर्चा की गई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in